

हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी


गुरुवार 26 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 83 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

"सपने बड़े हों, राहें कितनी भी कठिन हों,
हर कदम पर विश्वास बनाए रखें।"
"सपनों को पाने के लिए जागना पड़ता है,
नींद में तो हर कोई सोता है।"

## नालंदा में आज समृद्धि यात्रा – कई मार्गों पर यातायात प्रतिबंध, रेड जोन में वाहनों की एंट्री पूरी तरह बैन

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में आज 26 मार्च को मुख्यमंत्री नितीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शहर में व्यापक ट्रैफिक परिवर्तन लागू किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा जारी ट्रैफिक प्लान के अनुसार, शहर के कई प्रमुख इलाकों को रेड जोन घोषित किया गया है, जहां किसी भी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इनमें रांची रोड, अस्पताल मोड़, भ.ैसासुर मोड़ और कचहरी मोड़ जैसे व्यस्त इलाके शामिल हैं। प्रशासन ने बताया कि शहर में यातायात नियंत्रण के लिए एनएच–20 और रांची रोड के विभिन्न हिस्सों पर 10 से अधिक स्थानों पर बैरियर लगाए गए हैं। साठोपुर, देवी सराय, मंगलास्थान और दीपनगर थाना के आसपास विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, बड़ी पहाड़ी, देवी स्थान और वॉच टावर के पास के मार्गों को भी सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील मानते हुए प्रतिबंधित किया गया है। बाहरी जिलों से आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने शहर के अलग–अलग हिस्सों में च1 से च5 तक पार्किंग जोन बनाए हैं। रहुई मोड़, सोगरा स्कूल, श्रम कल्याण केंद्र और कारगिल बस स्टैंड को प्रमुख पार्किंग स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। राजगीर, नवादा और बरबीघा की ओर से आने वाले वाहनों को निर्धारित रूट से ही शहर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जाने वाले यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलने से पहले रूट चार्ट की जानकारी अवश्य ले लें। आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मोरातालाब और पचासा मोड़ जैसे प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर सूचना पट्ट भी लगाए गए हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें और सहयोग करें, ताकि मुख्यमंत्री की यात्रा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।








## समृद्धि यात्रा को लेकर नालंदा में तैयारियां तेज
### मंत्री श्रवण कुमार ने किया दीपनगर स्टेडियम का निरीक्षण

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री 26 मार्च को नालंदा दौरे पर पह.ुचेंगे, जिसके मद्देनजर सभी विभागों द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को दीपनगर स्टेडियम पह.ुचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्हा.ेने अधिकारियों के साथ पूरे परिसर का भ्रमण करते हुए मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता एवं विद्युत व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। मंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आम लोगों की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त कुर्सियां, साफ–सफाई, पेयजल की व्यवस्था एवं सुगम यातायात सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी मंत्री ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चर्चा की और पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन की समुचित योजना तैयार रखी जाए, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। मंत्री श्रवण कुमार ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

## पटना में बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आगाज, दिग्गजों ने दिखाया दम

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार) ।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग बिहार सरकार एवं अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में चार देशों और 18 राज्यों के कुल 617 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें एक ग्रैंडम.ास्टर, एक इंटरनेशनल मास्टर और तीन फिडे मास्टर शामिल हैं। प्रतियोगिता के दूसरे चक्र में शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव ने रियाना खातून को 42 चालों में पराजित किया। वहीं बिहार के उभरते खिलाड़ी रेयान मोहम्मद ने कार्तिकेय नंदन को 25 चालों में हराकर शानदार प्रदर्शन किया। तीसरे बोर्ड पर अलेख्या मुखोपाध्याय ने वैभव मिश्रा को 21 चालों में शिकस्त दी। प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय ग्रैंडमास्टर और शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण विजेता टीम के पूर्व कप्तान नारायण श्रीनाथ ने पीटर क्रियाकोव के साथ बाजी खेलकर किया। इस मौके पर उप निदेशक हिमांशु सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि शतरंज संघ के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अपने संबोधन में नारायण श्रीनाथ ने बिहार में खेलों के विकास की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में प्रतिभाओं को निखारने का कार्य लगातार जारी है। उन्होंने रेयान मोहम्मद, मरियम फातिमा और देवांश केशरी जैसे खिलाड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार में शतरंज की अपार संभावनाएं हैं। पहले दिन दो चक्रों की समाप्ति के बाद सभी वरीय खिलाड़ियों ने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में जगह बना ली।








प्रतियोगिता में अन्य प्रमुख मुकाबलों में मानिंद्रकर इंद्रजीत, अभ्रोज्योति नाथ, रुपेश जायसवाल, प्रखर त्रिपाठी, कुमार गौरव, सुधांशु रंजन, परमब्रता सरकार और सुमन कुमार सिंह ने भी जीत दर्ज की। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।



## बड़ी दरगाह में उर्स शरीफ का आगाज, डीएम एसपी ने चादरपोशी के साथ मांगी अमन–शांति की दुआ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (बिहार)** शहर के बड़ी दरगाह स्थित सूफी संत हजरत शेख शर्फुद्दीन अहमद यहिया मनेरी के मजार–ए–मुबारक पर लगने वाला उर्स शरीफ बुधवार से पूरे अकीदत और एहतराम के साथ शुरू हो गया। उर्स के आगाज के साथ ही दरगाह शरीफ और आसपास का इलाका रौशनियों, इबादत और जायरीनों की भारी भीड़ से गुलजार हो उठा है। उर्स के मौके पर जिला प्रशासन की ओर से डीएम कुंदन कुमार और एसपी भारत सोनी ने मजार पर चादरपोशी कर अमन–ओ–सुकून, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। इसके बाद खानकाह की ओर से पारंपरिक चादरपोशी की रस्म अदा की गई। डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि मखदूम–ए–जहां की यह दरगाह आपसी भाई.चारे, सद्भाव और इंसानियत का प्रतीक है। उर्स के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि जायरीनों को सुरक्षित और सुगम माहौल मिल सके। एसपी भारत सोनी ने बताया कि उर्स को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती के साथ लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्वक जियारत कर सकें। मखदूम–ए–जहां के नाम से प्रसिद्ध इस दरबार में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली समेत देशभर से बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि बाबा के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता और हर दुआ कबूल होती है।साहिब–ए–सज्जादानशीन सैफुद्दीन फिरदौसी ने कहा कि यह दरगाह मो.हब्बत, भाईचारे और इंसानियत का केंद्र है, जहां हर धर्म और वर्ग के लोग आकर अपनी अर्जी पेश करते हैं। उर्स के साथ लगने वाले मेले में झूले और खान–पान की दुकानों ने भी आकर्षण बढ़ा दिया है। टावर झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन झूला, जादूगर शो सहित कई मनोरंजन के साधन लोगों को लुभा रहे हैं, वहीं हलवा–पराठा जैसी व्यंजनों की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। उर्स शरीफ के दौरान पूरा क्षेत्र आस्था और उत्सव के रंग में रंगा हुआ है, जहां श्रद्धा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है।



# नगर परिषद बोर्ड की बैठक – 29 पार्षदों ने किया बहिष्कार पार्षदों ने लगाया वित्तीय पारदर्शिता का आरोप

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नगर परिषद कार्यालय में बुधवार को नगर परिषद की बोर्ड की सामान्य बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभ. ापति जीरो देवी और उपसभापति मुन्नी देवी मौजूद रहीं। 32 में से 29 पार्षदों ने आयोजित आम बजट की बैठक का बहिष्कार किया। पार्षदों ने नगर परिषद प्रशासन की कार्यप्रणाली और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर गंभीर आरोप लगाए। पार्षद महेन्द्र यादव ने क्रय समिति, लेखा समिति और निविदा समिति के साथ समुचित विचार–विमर्श नहीं किए जाने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी तथा बाजार दर से अधिक कीमत पर सामान की खरीद की गई। डॉ. अनिल कुमार ने भी वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर परिषद के अधिकांश कार्य सफाई, सीसीटीवी कैमरा स्थापना और हाई मास्क लाइटिंग एक ही जिले के एक विशेष वर्ग के ठेकेदार को दिए जा रहे हैं जो निष्पक्षता पर प्रश्न खड़ा करता है। पार्षद मो. इकबाल हसीब ने सरकार से प्राप्त राशि खर्च और बचत का स्पष्ट विवरण नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। पार्षद श्याम नारायण प्रसाद ने कहा कि बिना ठोस जानकारी और लेखा–जोखा के बैठक में शामिल होना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी के विपरीत है।




उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक प्रशासन पूर्ण विवरण साझा नहीं करता, तब तक ऐसी बैठकों में भाग लेने का कोई औचित्य नहीं है। सुषमा कुमारी ने पार्षदों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया। आक्रोशित पार्षदों ने नगर परिषद के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया और भ्रष्टाचार बंद करो, आय–व्यय का हिसाब दो तथा कार्यपालक पदाधिकारी इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। इस दौरान पार्षदों ने तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पारित नहीं हो सका है, क्योंकि पार्षद बजट प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने कहा कि अप्रैल के पहले सप्ताह में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्षदों के सुझावों को शामिल कर संशोधित बजट पेश किया जाएगा और उसे पारित कराने का प्रयास किया जाएगा।



# एनसीसी कैडेटों का बैटन पासिंग समारोह संपन्न, पास आउट कैडेटों का हुआ सम्मान


**केशववाणी बिहार शरीफ (नालंदा)।** 1 बिहार आर्म्ड स्क्वाडन एनसीसी, पटना द्वारा 23–26 बैच के पास आउट होने वाले एनसीसी कैडेटों के लिए बैटन पासिंग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर कैडेटों का उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती स्वप्निल कृष्णा ने पास आउट कैडेटों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, समादेशी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गैरी मैथ्यू ने कैडेटों को संबोधित करते हुए अनुशासन, समर्पण और देश सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कैडेट अपने बटालियन, ग्रुप, राज्य और देश का नाम रोशन करें तथा वर्तमान कैडेट पास आउट साथियों से प्रेरणा लेकर उनके नक्शेकदम पर चलें। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें कैडेटों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले तथा तीन वर्षों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सीनियर कैडेटों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सामूहिक तस्वीर भी ली गई। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कैडेटों का मनोबल और साहस बढ़ाने की बात कही। समारोह में राम लखन सिंह यादव कॉलेज, बिहार शरीफ के एनसीसी पदाधिकारी गोपाल सिंह, नालंदा कॉलेजिएट हाई स्कूल, पटना के सीटीओ सुनील कुमार तथा जीसीआई सिमरन रॉय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अनंत सिंह का बड़ा बयान – नीतीश के बाद निशांत ही सबसे योग्य सीएम चेहरा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मोकामा के विधायक अनंत सिंह ने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर जारी अटकलों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नितीश कुमार के बाद उनके पुत्र निशांत कुमार ही सबसे योग्य "सीएम मटेरियल" हैं। शनिवार को बिहारशरीफ पहुंचे अनंत सिंह का समर्थकों ने फूल–मालाओं और नारेबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कई राजनीतिक सवालों पर खुलकर अपनी राय रखी। दरअसल, अनंत सिंह नवादा विधायक विभा देवी और पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव के पुत्र अखिलेश यादव के सड़क हादसे में निधन के बाद शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। लौटने के दौरान वे बिहारशरीफ स्थित एक पूर्व विधायक के आवास पर रुके, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की। मुख्यमंत्री के संभावित उत्तराधिकारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा है कि नीतीश कुमार के बाद निशांत कुमार ही बिहार की कमान संभालें। उन्होंने निशांत की योग्यता का जिक्र करते हुए कहा कि वे उच्च शिक्षित हैं और उनमें नेतृत्व की क्षमता है। साथ ही उन्होंने कहा कि "पिता के कुछ गुण तो बेटे में जरूर होते हैं।" नीतीश कुमार की सादगी का उदाहरण देते हुए अनंत सिंह ने कहा कि इतने वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उनके हाथ में एक अंगूठी तक नहीं है, जो उनकी ईमानदारी और सादगी को दर्शाता है। उनका मानना है कि यही गुण निशांत कुमार में भी देखने को मिलते हैं।



अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर उन्होंने साफ कहा कि यदि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहते हैं, तो वे खुद भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनके बेटे अगर राजनीति में आना चाहेंगे, तो उनके लिए रास्ता खुला रहेगा। नीतीश कुमार की दिल्ली में बढ़ती सक्रियता और उनके प्रभाव में कमी की चर्चाओं को खारिज करते हुए अनंत सिंह ने कहा कि "दिल्ली कोई दूर नहीं है और कुर्सी छोड़ने से कद छोटा नहीं होता।" उन्होंने भरोसा जताया कि जनता आज भी नीतीश कुमार के साथ है और उनके नेतृत्व में बिहार का विकास जारी रहेगा। बिहारशरीफ में पहली बार आगमन पर शहर के विकास को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि भले ही वे पहले यहां नहीं आए थे, लेकिन पूरे बिहार की तरह यहां भी विकास की झलक साफ दिखाई दे रही है। इस दौरान पूर्व विधायक के आवास पर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।






# रामनवमी पर नालंदा में हाई अलर्ट - 4500 सुरक्षाकर्मी और ड्रोन से होगी निगरानी
## 'सिंघा बाजा' की गूंज के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा, दिखेगा परंपरा का अद्भुत रंग

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिला मुख्यालय बिहारशरीफ में राम नवमी के अवसर पर 27 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री राम नवमी शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा का नेतृत्व स्थानीय विधायक सुनील कुमार करेंगे। आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है और इस बार पारंपरिक लोक संस्कृति को विशेष रूप से शामिल किया गया है। शोभायात्रा में झारखंड से आए कलाकार 'सिंघा बाजा' की धुन से माहौल को भक्तिमय बनाएंगे। इसके साथ ही ढोलक और झाल की थाप पर महिला एवं पुरुष मंडलियां भजन–कीर्तन करती चलेंगी। जुलूस की भव्यता बढ़ाने के लिए हाथी और घोड़े भी शामिल किए जाएंगे, जो पारंपरिक वैभव की झलक पेश करेंगे। शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि इस बार शोभायात्रा की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी तथा पहली बार घुड़सवार पुलिस बल की भी तैनाती की जा रही है। करीब 1200 अतिरिक्त जवान बाहर से बुलाए गए हैं, जबकि जिले के 3500 पुलिस बल के साथ पैरामिलिट्री की एक कंपनी को भी लगाया गया है। इस प्रकार कुल लगभग 4500 सुरक्षाकर्मी पूरे जिले में तैनात रहेंगे। सुरक्षा कारणों से इस वर्ष शोभायात्रा के मार्ग में बदलाव किया गया है।




अब यह यात्रा श्रम कल्याण केंद्र मैदान से शुरू होकर भराव चौराहा, महिला कॉलेज, आलमगंज, नवाब रोड और सालेगंज मोड़ होते हुए टाउन स्कूल मोड़ पहुंचेगी तथा अंत में बाबा मनीराम अखाड़ा परिसर में संपन्न होगी।प्रशासन ने शोभायात्रा में लगभग 5 हजार लोगों की भागीदारी की अनुमति दी है, हालांकि आयोजकों को इससे अधिक भीड़ जुटने की उम्मीद है। वर्ष 2023 में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा के बाद प्रशासन इस बार विशेष सतर्कता बरत रहा है। इसी कारण 2024 में शोभायात्रा की अनुमति नहीं दी गई थी, जबकि 2025 में पुनः इसकी शुरुआत की गई। प्रशासन ने आम लोगों से शांति बनाए रखने और निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।



# व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया सूर्यकुंड परिसर में लगी रही अहले सुबह से भीड़

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** प्रखंड के विभिन्न घाटों पर बुधवार को छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। सूर्य कुंड परिसर में बुधवार की सुबह से ही छठव्रतियों की भीड़ जुटने लगी। लोग बारी–बारी से कुंड में जाकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इसके अलावा हसनपुर तालाब, वैतरणी नदी, झुनकिया मंदिर सहित अन्य घाटों पर भी व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। पंडा कमेटी द्वारा महा आरती का आयोजन किया गया। परिसर में मंगलवार की रात को चौतावर आयोजित की गई। आज के युवा इसे भूलते जा रहे हैं। इस संस्कृति को उजागर करने के लिए इस तरह का कार्यक्रम होना जरूरी है। विधायक कौशल किशोर ने कहा कि छठ पूजा हमारे बिहार की संस्कृति से जुड़ी लोक आस्था का महापर्व है। मौजूदा समय में यह पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. प्रवीण कुमार, विपिन झा, सुधीर उपाध्याय, रमेश कुमार पान, अंतरा सॉव, अनिता कुमारी गुप्ता, मनोरमा रानी, विक्रम कुमार, कुणाल, मनीष कुमार, सनी कुमार, रॉकी कुमार सहित अन्य शामिल थे।आयोजक बिरजू राजवंशी ने बताया कि बिहार की लोक गीतों में चौतावर प्रसिद्ध है।

# तुंगी के छात्रों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण, छबीलापुर विद्यालय में मिली आधुनिक शिक्षा की जानकारी

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** श्री शिव शंकर उच्च विद्यालय, तुंगी के करीब 50 छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर (बिहारशरीफ) का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्या सीमा कुमारी एवं नोडल शिक्षक रविकांत कुमार ने किया। भ्रमण के दौरान छबीलापुर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य एवं मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने छात्रों को स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और प्रयोगशाला की जानकारी दी। साथ ही विद्यालय परिसर, विस्तृत मैदान, नदी और पुल का भी अवलोकन कराया गया। मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने छात्रों से संवाद करते हुए अपने अनुभव साझा किए और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऐसे संयुक्त परिभ्रमण को भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्रों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई।




परिभ्रमण में शामिल छात्रों ने विभिन्न शैक्षणिक पहलुओं की जानकारी प्राप्त की और उत्साह के साथ भाग लिया।कार्यक्रम में आरजीएल उच्च विद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# नालंदा में गैस की कोई कमी नहीं - डीएम ने अफवाहों से बचने की अपील की

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कथित किल्लत की खबरों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने घरेलू गैस सिलिंडरों की उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान तीनों तेल विपणन कंपनियों के एरिया मैनेजरों ने बताया कि इंडियन ऑयल (आईओसीएल) की 18 एजेंसियों में 9703 सिलिंडर, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की 27 एजेंसियों में 12302 सिलिंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की 9 एजेंसियों में 2110 सिलिंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। डीएम ने आम लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में आकर गैस सि. लिंडर की अनावश्यक बुकिंग न करें और कालाबाजारी से सिलिंडर खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता केवल अधिकृत माध्यमों से ही बुकिंग कर गैस प्राप्त करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर गैस की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं। लोगों से ऐसी अफवाहों पर ध्यान न देने और अपुष्ट जानकारी को साझा न करने की अपील की गई है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। गैस बुकिंग में किसी प्रकार की परेशानी या अन्य शिकायत के लिए लोग 06112–233168 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति गैस सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट पर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते के साथ ही चार दिनों से चले आ रहे छठ पूजा हुआ संपन्न, घाटों पर उमड़ी आस्था के जन सैलाब

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देते के साथ ही चार दिनों से चले आ रहे चौती छठ महापर्व बुधवार को संपन्न हो गया।हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाट पर आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। जहां सबसे ज्यादा भीड़ चेरो सूर्य मंदिर तालाब, सबनाहुआ छठ घाट, एवं कल्याण बीघा छठ घाट पर देखने को मिला।घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह 6 बजे तक घाट पर काफी भीड़ लग गई।

छठ करने वाले व्रती ने पानी में उतरकर भगवान भास्कर के उगने का इंतजार करते दिखे। व्रतियों ने नदी,तालाब पर बने छठ घाट पर पानी में खड़े होकर पवित्रता के साथ सूर्य देव को फल, मिष्ठान, नारियल, पान सुपारी, जल और अर्घ्य अर्पित कर परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की। जिसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हो गया। छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन के पूर्व संध्या पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया था।



छठ व्रतियों ने बताया कि चौती छठ महापर्व हमारे लिए आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा पर्व है हम लोग पूरी श्रद्धा और नियम के साथ भगवान भास्कर और छठी मैया की पूजा करते हैं। यह व्रत परिवार की सुख समृद्धि संतान की लंबी उम्र और घर में खुशहाली के लिए किया जाता है। घाटों पर जो माहौल होता है वह बेहद आध्यात्मिक और मां को शांति देने वाला होता है। श्रद्धालुओं ने छठी मैया से सुख समृद्धि की कामना की और प्रसाद ग्रहण किया।

इस दौरान विभिन्न छठ घाट पर पूजा समिति के द्वारा तालाबों को बेहतर ढंग से सजाया गया था। सुरक्षा के दृष्टिकोण से घाटों पर स्थानीय पुलिस और आपदा मित्र मौजूद थे।



# छठ पूजा पर मध्य विद्यालय देवधा में निकली आकर्षक झांकियां, छात्रों ने बिखेरा संस्कृति का रंग

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर प्रखंड के मध्य विद्यालय देवधा में छात्र–छात्राओं द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गईं। इस दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह छठ की भक्ति भावना से सराबोर नजर आया। छात्र–छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में छठ व्रती का रूप धारण कर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की, जिसने सभी का दिल जीत लिया। सिर पर दौरा लिए सजे–धजे बच्चे कृत्रिम छठ घाट पर पहुंचे और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने बिहार की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपरा और धार्मिक आस्था को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना था।



साथ ही विद्यार्थियों ने स्वच्छता, नारी सम्मान, प्रकृति प्रेम और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार रमण, रणवीर कुमार रत्नाकर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी - अनिता कुमारी गुप्ता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** खेलकूद जरूरी है। इससे तन और मन दोनों का विकास होता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद भी करने दें। इससे इनमें नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। ये बातें जागरूकता अभियान के सचिव समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता ने बुधवार को सिलाव के नेपुरा बुनकर भवन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में कहीं। कहा कि खेल से बच्चों में आत्मविश्वास, टीमवर्क एक दूसरे से आगे बढ़ने की भावना जागती है। हेल्थ भी ठीक रहता है और वे तनाव मुक्त होते हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए रमेश कुमार पान ने कहा कि बच्चे मन के कोमल होते हैं। उन्हें जिस तरह से ढालेंगे वे वहीं बन पायेंगे। उनमें सकारात्मक सोच डालने की जरूरत है। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, बैलून डांस, चम्मच पे गोली, बॉम्ब विस्फोट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता और टीम सुपरवाइजर साहिल राज ने भी अपनी बातें रखी। समाजसेवी पर्यटक मार्गदर्शक पप्पू कुमार मोदी, नेपुरा बुनकर कोऑपरेटिव




सोसाइटी के अध्यक्ष देवनन्दन तांती ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर बिहार वॉटर डेवलपमेंट हमारी पाठशाला फेज चार के शिक्षक सोनू कुमार, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, अन्नी कुमारी, आरती कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# नवरात्र के सप्तमी पर बिहार शरीफ में माता का पट खुला, भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट ' बिहार शरीफ (नालंदा)।** नवरात्र के पावन अवसर पर सप्तमी तिथि के दिन शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में विधि–विधान के साथ माता का पट खोला गया। पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से ही श्रद्धालु मंदि. रों में पहुंचने लगे थे। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने माता के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और अपने परिवार की सुख–समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां की विशेष आराधना की। मंदिरों को रंग–बिरंगी रोशनी, फूल–मालाओं और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया था, जिससे श्रद्धालुओं को दिव्य वातावरण का अनुभव हुआ। पूजा के दौरान मंत्रोच्चारण, आरती और भजन–कीर्तन से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसरों में पुलिस बल की तैनाती के साथ–साथ भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण तरीके से दर्शन कर सकें।



सप्तमी के दिन माता का पट खुलने के साथ ही नवरात्र का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है और पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी जा रही है। आगामी अष्टमी और नवमी को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। इन दिनों मंदिरों में और अधिक भीड़ जुटने की संभावना है, जिससे बिहार शरीफ में पूरी तरह धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।



# नाबालिक लड़की से रेप करने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट वेना(नालंदा)।** वेना थाना क्षेत्र के कचरा गांव में तीन दिन पहले हुए एक 15 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ रेप मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के कचरा गांव निवासी विरमानी यादव के पुत्र विक्रम उर्फ विक्रांत को किया गिरफ्तार। इस घटना में अभी भी दो मुख्य आरोपी साहुल कुमार और राकेश कुमार उर्फ साधु गोप फरार चल रहे हैं। बता दे कि 21 तारीख की संध्या में नाबालिक युवती कचरा गांव के पास फोर लेन पर स्थित दुकान से चाउमिंग लाने गए थे। दुकान बंद रहने के वजह से वह लौट रहे थे उसी दरमियान बीच रास्ते में चार–पांच की संख्या में बदमाशो ने अंधेरे एवं मौके का फायदा उठाते हुए गोदी में उठाकर स्कूल के पास खलियान में ले जाकर बारी–बारी से शारीरिक संबंध बनाया एवं मोबाइल फोन से वीडियो भी बना लिया था।इतना ही नहीं युवती के साथ मारपीट भी कि गई थी। किसी तरह वह दाती काटकर वहां से भागने में सफल रहा और घर जाकर अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। उसके बाद थाना में मामला दर्ज हुआ। मेडिकल जांच करने के बाद पुलिस कार्रवाई करने में जुट गई। वही थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी करने में जुटी हुई है।

# गोपी बिगहा में शतचंडी महायज्ञ से भक्तिमय माहौल, प्राण–प्रतिष्ठा समारोह बना आकर्षण

**केशववाणी विनय शंकर की रिपोर्ट (नालंदा)।** गांव में 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आयोजित देवी शतचंडी महायज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। इस दौरान नव–निर्मित भगवती स्थान का प्राण–प्रतिष्ठा समारोह भी विधि–विधानपूर्वक संपन्न किया जा रहा है, जिससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। महायज्ञ के अंतर्गत कथा व्यास आचार्य संजय शांडिल्य जी महाराज द्वारा देवी भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उनकी ओजस्वी वाणी से भक्तजन भक्ति और आध्यात्मिकता में डूबे नजर आ रहे हैं। वहीं यज्ञाचार्य संदीप आनंद जी के निर्देशन में वेद मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ अनुष्ठान संपन्न हो रहा है, जिससे वातावरण पूरी तरह पवित्र और दिव्य बना हुआ है।



संध्या समय कथा और स्तुति के दौरान गांव का माहौल भक्ति में सराबोर हो जाता है। श्रद्धालु भजन–कीर्तन में शामिल होकर मां भगवती की आराधना करते नजर आते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण का संदेश भी दे रहा है।

